आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 7 ● कटनी ● सोमवार, 7 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## कोकिला के लिए काल बना कोरोना

**मुंबई।** मुंबई के शिवाजी पार्क में पूरे राजकीय सम्मान के साथ महान गायिका लता मंगेशकर का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उनके भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने उन्हें मुखग्नि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, शरद पवार, राज ठाकरे समेत दूसरे नेताओं ने शिवाजी पार्क पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लता पिछले एक महीने से कोरोना वायरस की वजह से अस्पताल में भर्ती थी। पूरी दुनिया में लता दीदी के नाम से मशहूर लता मंगेशकर को कोरोना वायरस पॉजिटिव होने के बाद 8 जनवरी को ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान पता चला था कि उन्हें निमोनिया भी है। लता का इलाज कर रहे डॉक्टर प्रतीक समधानी ने हेल्थ अपडेट में बताया था कि उन्हें कोरोना का हल्के लक्षणों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती होने के कुछ दिनों बाद उनकी तबीयत में सुधार भी होने लगा था लेकिन कुछ दिनों पहले उनकी सेहत ज्यादा गंभीर होने लगी, जिसके चलते उन्हें आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा हुआ था। फैंस उसी समय से डरे हुए थे और उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे थे। अब उनके निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉक्टर्स के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक लता मंगेशकर की मौत मल्टीपल ऑर्गन फेलियर की वजह से हुई है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज के शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बिगड़ जाता है। इससे शरीर में सूजन आ जाती है और खून के थक्के भी बनने लगते हैं। इसमें शरीर के अंगों को पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषण नहीं मिल पाते हैं। इनके अलावा इसके लक्षणों में पहले 24 घंटों में लो ग्रेड फीवर, tachycardia, and tachypnea शामिल हैं। अगले 24-72 घंटों के भीतर, फेफड़े की विफलता शुरू हो सकती है। इसके बाद बैक्टेरिया, साथ ही गुर्दे, आंतों और यकृत की विफलता हो सकती है। बेशक बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य समस्याएं लता पर धीरे-धीर हावी हो रहे थे, लेकिन 92 साल की उम्र में भी वो उनका सामना कर रही थीं। लेकिन कोरोना वायरस ने उन्हें नहीं बख्शा। लता को 8 जनवरी को कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद मुंबई में ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।





## आधार, पैन, पासपोर्ट जैसे दस्तावेजों की जरूरत होगी खत्म!

**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही च्फेडरेटेड डिजिटल आइडेंटिटीजज् मॉडल पेश कर सकती है जो एक ही एक डिजिटल आईडी से कई आईडी को ऐड करने देगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री ने नए मॉडल का प्रस्ताव दिया है जो आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट और अन्य जैसे अन्य लोगों तक पहुंचने के लिए एक सिंगल आईडी के रूप में काम करेगा।

**एक ही डिजिटल आईडी से लिंक होंगे सभी डॉक्यूमेंट्स**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वन डिजिटल आईडी सभी राज्य और केंद्रीय पहचानों को स्टोर और एक्सेस करने के लिए एक ही स्थान के तौर पर काम करेगी। यह सिंगल आईडी लोगों को कई सर्विस का लाभ देने में मदद करेगी और केवाईसी प्रोसेस को भी आसान बनाएगी। बताया जाता है कि यह फ्रेमवर्क एक नया डिजिटल आर्किटेक्चर पेश करता है जो इंटरलिंक्ड और इंटरऑपरेबल है। यह भी बताते हैं कि यह नया सिस्टम भारत के लोगों को सशक्त बनाएगा और उन्हें अपनी आईडी पर ज्यादा कंट्रोल की मंजूरी देगी, इस प्रकार उन्हें किसी खास स्थिति के लिए उपयुक्त करने की चुनने की अनुमति मिलेगी। नई फेडरेटेड डिजिटल आइडेंटिटी को इंडिया एंटरप्राइज आर्किटेक्चर (ढ्ढठ्ठस्रश्व) 2.0 के तहत रखा गया है। ढ्ढठ्ठस्रश्व को सबसे पहले 2017 में सरकारी सर्विस को यूजर्स के लिए डिजिटली आसान बनाने के लिए पेश किया गया था। स्ढ्ढहृङ्ख का प्रपोजल जल्द ही पब्लिक होगा और मिनिस्ट्री 27 फरवरी तक इस पर कंमेंट

## लौट रहे अच्छे दिन!

## एक लाख से नीचे कोरोना के नए केस

## एक्टिव मामले सिर्फ 11 लाख

**नई दिल्ली । देश में कोरोना संकट के बीच आज राहत की खबर आई है। कोरोना वायरस महामारी से मुक्ति के दिन लौटते नजर आ रहे हैं। बीते 24 घंटे में एक लाख से कम नए केस मिले हैं। दरअसल, आज कोरोना संक्रमितों की संख्या में भारी कमी आई है और सक्रिय मामले भी तेजी से घट रहे हैं।**




स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी सोमवार (7 फरवरी) के आंकड़े के अनुसार देश में बीते 24 घंटे में 83 हजार 876 ( 83,876) नए मामले सामने आए हैं जो कि कल की तुलना में लगभग 25 हजार कम हैं। वहीं बीते 24 घंटे में 895 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश में अब 11.08 लाख (11,08,938) सक्रिय मामले बचे हैं। वहीं स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या 1.99 लाख(1,99,054) रही। राहत की बात यह भी है कि रोजाना संक्रमण दर घटकर 7.25 फीसदी पर आ गई है। रविवार के आंकड़े में एक लाख से अधिक मामले आए थे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार के आंकड़ों के अनुसार एक लाख सात हजार 474 नए मामले दर्ज किए गए थे और 865 संक्रमितों की मौत हो गई थी।

### देश के 5 टॉप संक्रमित राज्य

देश के 5 सबसे संक्रमित राज्यों की बात करें तो केरल में सबसे अदिक 26,729 मामले सामने आए हैं वहीं महाराष्ट्र में 9,666 मरीज सामने आए हैं। कर्नाटक में 8,425 तो तमिलनाडु में 6,120 और मध्यप्रदेश में 5,171 मामले सामने आए हैं।

### मप्र में थमा नहीं मौतों का सिलसिला, पिछले 24 घंटे में 6 मरीजों ने दम तोड़ा

मध्यप्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर का पीक गुजर चुका है। केस भी कम हो गए हैं] लेकिन मौतों सिलसिला नहीं थमा। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 6 और मौतें रिपोर्ट हुई हैं। भोपाल में 836 नए केस मिले हैं। इंदौर में 391 नए मरीज सामने आए। इससे पहले 4 जनवरी को 319 मरीज मिले थे। तीसरी लहर में प्रदेश के 18 जिलों में मौतें हुई हैं। सबसे ज्यादा 48 मौत इंदौर में हुईं। भोपाल दूसरे नंबर पर रहा। यहां पहली मौत 28 जनवरी को हुई थी और तब से अब तक 19 लोगों ने जान गई। प्रदेश में 23 दिन में 121 मरीज दम तोड़ चुके हैं। तीसरी लहर में 15 जनवरी से मौत का सिलसिला शुरू हुआ था। 15 से 20 जनवरी यानी 6 दिन में सिर्फ 10 मौतें हुईं। 21 से 31 जनवरी तक यानी 11 दिन में 66 मरीजों की मौत हुई। 1 से 6 फरवरी तक सिर्फ 6 दिन में ही 45 कोविड मरीज दम तोड़ चुके हैं।



### हरिद्वार की धर्म संसद पर बोले संघ चीफ मोहन भागवत

## हिंदुत्व से इसका कोई लेना-देना नहीं

**नई दिल्ली।** बीते दिनों हरिद्वार की धर्म संसद में दिए गए बयानों को लेकर काफी विवाद हो रहा था। इस मामले में वसीम रिजवी उर्म जितेंद्र त्यागी की गिरफ्तारी भी हुई। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि इस तरह की धर्म संसदों का आयोजन हिंदुत्व की विचारधारा से अलग है। इसका हिंदुत्व से कोई लेना-देना नहीं है। भागवत ने इस आयोजन को लेकर दुख व्यक्त किया। वह च्हिंदुत्व और राष्ट्रीय एकता विषय पर भाषण दे रहे थे। नागपुर में एक अखबार के 50 साल पूरे होने के मौके पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भागवत ने कहा, हिंदुत्व कोई वाद नहीं है।

### प्रोफेसर शांतिश्री धूलिपुडी पंडित होंगी जेएनयू की नई कुलपति

नई दिल्ली। सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय की प्रोफेसर शांतिश्री धूलिपुडी पंडित को जेएनयू की नई कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर शांतिश्री धूलिपुडी पंडित जेएनयू की पहली महिला कुलपति होंगी।

### कनाडा की राजधानी में आपातकाल

ओटावा। कनाडा की राजधानी ओटावा में ट्रक वालों के आंदोलन के चलते आपातकाल घोषित कर दिया गया है। ट्रक वालों के आंदोलन का आज 10वां दिन है। रविवार को ओटावा शहर के मेयर जिम वॉटसन ने आपातकाल लगाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि शहर को घेरकर किए जा रहे आंदोलन के चलते यह फैसला लिया गया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, च्आपातकाल घोषित किए जाने से साफ है कि किस तरह का गंभीर खतरा लोगों की सुरक्षा और सेफ्टी को है। ऐसे मौके पर कुछ सख्त कदम उठाने की जरूरत है ताकि लोगों की मदद की जा सके।

### चीन पहुंचे इमरान खान को पुतिन ने दिया कश्मीर पर बड़ा झटका,

**बीजिंग।** कश्मीर के मामले को लेकर चीन अकसर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की तरफदारी करने की कोशिश करता है। चीन पहुंचे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करनी चाही तो उन्होंने दो टूक जवाब देते हुए स्पष्ट कर दिया कि कश्मीर के मामले में उनकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि दो देशों के बीच किसी विवाद में वह हस्तक्षेप नहीं करना चाहते। रविवार को रूस की सरकार ने बयान जारी करके कहा कि किसी भी विवाद का हल समझौते से ही निकल सकता है। 1972 के शिमला पैक्ट और 1999 के लाहौर डेक्लेरेशन को आधार बनाकर बातचीत होनी चाहिए।






## लता जी के नाम पर इंदौर में संगीत अकादमी, संग्रहालय , प्रतिमा भी लगेगी

**भोपाल।** इंदौर में स्व. लता मंगेशकर जी के नाम पर संगीत अकादमी स्थापित की जाएगी। एक संग्रहालय भी बनाया जाएगा, जिसमें लता जी ने जब भी, जो भी गाया है, वह उपलब्ध रहेगा। इंदौर में ही उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और उनके जन्मदिन पर हर वर्ष लता मंगेशकर पुरस्कार दिया जाएगा। इंदौर में स्व. लता मंगेशकर जी के नाम पर संगीत अकादमी स्थापित की जाएगी। एक संग्रहालय भी बनाया जाएगा, जिसमें लता जी ने जब भी, जो भी गाया है, वह उपलब्ध रहेगा। इंदौर में ही उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और उनके जन्मदिन पर हर वर्ष लता मंगेशकर पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां स्मार्ट उद्यान भोपाल में यह घोषणा की। उन्होंने स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी याद में संगीत प्रेमियों के साथ वट वृक्ष लगाया। चौहान ने कहा कि लता जी के जाने से मेरे मन में ऐसी रिक्तता आई है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती।उन्होंने कहा कि लता जी केवल संगीत जगत की ही रोशनी नहीं थी, वह देशभक्ति का एक ऐसा हस्ताक्षर थीं, जिससे पूरा देश यहां तक कि बड़े-बड़े राजनेता भी प्रेरणा लेते थे।



### बगैर सबूत पत्नी पर चरित्रहीनता का आरोप लगाना मानहानि

## खाली करना होगा घर : दिल्ली कोर्ट


नई दिल्ली। एक व्यक्ति को अदालत में पत्नी पर चरित्रहीनता का आरोप लगाना महंगा पड़ गया। अदालत ने बगैर सबूत पति के आरोप लगाने पर पत्नी को कहा कि वह पति के खिलाफ मानहानि का मामला दायर कर सकती है। अदालत ने कहा कि एक तो पत्नी पहले से पीड़ित है। उस पर पति का महिला की प्रतिष्ठा पर कीचड़ उछालना बेहद आपत्तिजनक कृत्य की श्रेणी में आता है।कड़कड़डूमा कोर्ट स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रविन्द्र बेदी की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि किसी भी महिला पर चरित्रहीनता का आरोप लगाना आम चलन हो गया है और जब यह आरोप पति द्वारा लगाया जाता है तो इसकी पीड़ा पत्नी को किस कदर तोड़ती है, इसका अंदाजा वही लगा सकती है। अदालत ने यह भी कहा कि जो मामला अदालत के समक्ष आया है उसमें पति पूरी तरह से गलत पाया गया है, लेकिन उसने अदालत में खड़े होकर पत्नी के उसके किसी रिश्तेदार से अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए संकोच नहीं किया, जबकि साक्ष्य मांगे जाने पर वह जवाब नहीं दे पाया। प्रेम विवाह किया मगर एक साल भी संबंध अच्छे न रहे ।अदालत पहुंचने वाले इस दंपति ने वर्ष 2017 में अंतरजातीय विवाह किया था। जानकारी के अनुसार, जिस समय इनकी शादी हुई थी, महिला एक बड़ी कंपनी में कार्यरत थी। पति अभी जिस मकान में रह रहा है, उसे महिला ने शादी से पहले ही किस्तों पर खरीदा हुआ था। उस समय पति बेरोजगार था। शादी के बाद पति-पत्नी के साथ उसके ही मकान में आकर रहने लगा, लेकिन इनके संबंध एक साल भी अच्छे से नहीं चले।पिछले साढ़े तीन साल से पति-पत्नी के मकान पर जबरन कब्जा किए बैठा है। वहीं, पत्नी अपने परिजनों के साथ रह रही है। दरअसल, वर्ष 2018 में पत्नी गुस्से में घर से चली गई थी तब से पति उस मकान में रह रहा है, जबकि यह मकान न सिर्फ पत्नी के नाम पर है बल्कि इसकी किस्तें भी वही भर रही है।



## ऑनलाइन शॉपिंग ने लगाया चूना!

### 1.5 लाख का आईफोन किया था ऑर्डर, डिलिवरी में आया साबुन

नई दिल्ली। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान आपको तगड़ा डिस्काउंट तो मिलता ही है, लेकिन इस तरह की खरीदारी कई बार आपके लिए मुश्किल भी पैदा कर देता है। ताजा मामला लंदन का है, जहां एक 32 वर्षीय महिला ने 1.5 लाख रुपये का iPhone vx Pro Ma& ऑर्डर किया था। हालांकि डिलिवरी के समय उन्हें स्मार्टफोन की जगह एक साबुन भेज दिया गया। appleinsider की रिपोर्ट के मुताबित, महिला का नाम Khaoula Lafhaily है, जिन्होंने हाल ही में नया एप्पल आईफोन 13 प्रो मैक्स खरीदा था। उन्होंने यह फोन स्काई मोबाइल टेलीकॉम के साथ 3 साल के कॉन्ट्रैक्ट पर 1500 पौंड (करीब 1.51 लाख रुपये) में खरीदा था। फोन की डिलिवरी उन्हें दो दिन बाद होनी थी। हालांकि जब उन्होंने पैकेज खोला तो वह हैरान रह गईं। डिलिवर किए गए बॉक्स में हैंड सोप था, जिसकी कीमत सिर्फ 1 डॉलर थी।



### लता जी सेवा कर रहे थे महेश राठौड़, अब बेसुध होकर लगा रहे हैं दीदी को आवाज

**मुंबई।** लता मंगेशकर के निधन से जितना बड़ा सदमा देशवासियों को लगा है, उससे बड़ा सदमा उनके परिवार और उस शख्स को लगा है, जो सालों से लता मंगेशकर की देखभाल कर रहा था। यह शख्स हैं महेश राठौड़ जिन्होंने अपनी जिंदगी के 27 साल लता मंगेशकर की सेवा में लगा दिए। महेश राठौड़ को जैसे ही खबर मिली कि उनकी लता दीदी अब इस दुनिया में नहीं हैं, तो उन्हें संभाल पाना भी मुश्किल हो गया। महेश राठौड़ का रो-रोकर बुरा हाल है और वह लगातार लता दीदी को याद कर रहे हैं। महेश राठौड़ ने कहा कि वह बुरी तरह टूट गए हैं। ऐसा लग रहा है कि वह इस दुनिया में अकेले पड़ गए हैं। महेश राठौड़ अमरेली के मोरंगी गांव के रहने वाले हैं। लता मंगेशकर, महेश राठौड़ को भाई मानती थीं और 2001 से उन्हें राखी बांधती आ रही थीं। महेश यह सोचकर रोए जा रहे हैं कि अब उनकी दीदी कभी वापस नहीं आएंगी।

### मिलिए QR CODE वाले भिखारी से

## बोला- लोग कहते थे छुट्टे नहीं हैं, इसलिए बैंक में खाता खुलवाया



बेतिया । बेतिया रेलवे स्टेशन पर गले में ई-वॉलेट का QR CODE टांगे शख्स की यह तस्वीर अपनेआप में अनूठी है। बता दें कि राजू नाम का यह शख्स एक भिखारी है, जो बचपन से स्टेशन पर ही रहता है। शुरू से ही वो लोगों से भीख मांग कर अपना भरण-पोषण करता आ रहा है। उसके मुताबिक, लोग कहते थे छुट्?टे नहीं हैं, इसलिए मैंने बैंक में खाता खुलवाया। अब राजू लोगों से छुट्टे पैसे नहीं लेता बल्कि फोन-पे पर त्तक्रष्टह्र्रष्ठश्व स्कैन कर भीख के पैसे भेजने को कहता है। इस अजब-गजब अंदाज के कारण उसकी खूब चर्चा हो रही है।

#### खुद को लालू का बेटा और PM मोदी का भक्त बताता है

बसवरिया वार्ड नंबर-30 के रहने वाले प्रभुनाथ प्रसाद का 40 साल का इकलौता बेटा राजू प्रसाद तीन दशक से रेलवे स्टेशन समेत अन्य जगहों पर भीख मांगकर अपना जीवन बिता रहा है। मंदबुद्धि होने के कारण राजू को पेट पालने का और कोई उपाय भी नहीं दिखा। वह लालू यादव को अपना पापा बोलता है, वहीं खुद को क्करूमोदी का भक्त बताता है।

#### छुट्टे देने से मना कर देते हैं, इसलिए लेता हूं डिजिटल पेमेंट

त्तक्रष्टह्र्रष्ठश्व से भीख मांगने के निराले अंदाज के कारण राजू की पूरे जिले में चर्चा हो रही है। वह स्टेशन और बस स्टैंड से बाहर निकल रहे यात्रियों से मदद करने की अपील करता है। उसने बताया कि- च्कई बार लोग यह कहकर सहयोग करने से इनकार कर देते हैं कि उनके पास छुट्टे पैसे नहीं हैं। कई यात्रियों ने कहा कि फोन-पे आदि ई-वॉलेट के जमाने में अब नगद लेकर चलने की जरूरत ही नहीं पड़ती है।

### भोपाल के वन विहार में मादा तेंदुए की मौत, जहर हो सकती है वजह

भोपाल, ।राजधानी के वन विहार नेशनल पार्क में रविवार को एक मादा तेंदुए की मौत हो गई। मौत की संभावित वजह जहर को बताया जा रहा है। उसके शरीर में जहर कैसे और किन परिस्थितियों में पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। तेंदुए के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। विसरा जांच के लिए भेज दिया गया है।बता दें कि मादा तेंदुए को शनिवार को नरसिंहगढ़ वन्यजीव अभयारण्य से पार्क में शिफ्ट किया गया था। उसकी उम्र दो वर्ष थी। उसकी हालत काफी नाजुक थी। पार्क के वन्यप्राणी विशेषज्ञ डा अतुल गुप्ता व उनकी टीम तेंदुए का इलाज कर रही थी। राज्य पशु चिकित्सालय के विशेषज्ञों की भी मदद ली गई थी। हरसंभव कोशिशें की जा रही थीं, लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई।

# तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण से बनता है पंचांग

**जीवन ज्योतिष के पिछले भाग में हमने जन्म कुंडली के प्रारूपों के विषय में जानकारी ली थी, जिसमें ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने बताया था कि, उत्तर भारत की कुंडली और दक्षिण भारत की कुंडली में क्या अंतर होता है। वही आज यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष के इस भाग में हम जानेंगे कि कुंडली का अध्ययन किस तरह किया जाता है।**

यश भारत जीवन ज्योतिष

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### 12 भागों में विभाजन


पिछली बार जहां हमने कुंडलियों के प्रारूप को जाना था वही अब हम इनके अध्ययन पर चर्चा करने जा रहे हैं , आपने किसी भी जन्मपत्रिका को ध्यान से देखा होगा तो उसमें 12 खाने नजर आते है। इनके प्रत्येक खाने में राशियों को प्रदर्शित किया जाता है। अत: इन 12 खानों में 12 राशियां होती है। जिनमें एक प्रमुख राशि लग्न होती है । इन 12 भागों को भाव, भवन, या पाश्चात्य में हाउसेस कहा जाता है।

### प्रत्येक राशि का अंक

ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा बताते हैं कि कुंडली में दर्शाइ गई जो राशियां होती हैं , उनके प्रत्येक खानों में एक अंक दर्शाया जाता है, जैसे मेष को एक नंबर के माध्यम से दर्शाते हैं। जिसके बाद आने वाली अन्य राशियों को भी विशेष रुप से बारह तक अंक दिये जाते है।

### राशियों की स्थिति का आंकलन

ज्योतिषाचार्य श्री वर्मा बताते हैं कि जिस समय मनुष्य का जब जन्म होता है, उस समय सौर मंडल में जो ग्रह जहां पर है, उसकी स्थितियों को दर्शाने वाला चार्ट ही कुंडली होता है। इनमें दो चीजें दिखाई देगी पहली हमारी राशि दूसरी ग्रह। इन ग्रहों की स्थितियों के आधार पर ही हम व्यक्ति के भविष्य का अध्ययन करते हैं।



यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष के चतुर्थ अंक में जाने किस तरह से बनती है कुण्डली, आशीष शुक्ला के साथ

### राशि का कैसे होगा निर्धारण

जब हमने ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा जी से पूछा कि जन्म लिए हुए बच्चे की राशि का निर्धारण किस तरह किया जाता है, तो उन्होंने बताया कि जन्मपत्रिका बनाते समय पूर्व दिशा का अध्ययन किया जाता है और यह देखा जाता है जन्म के समय पूर्व दिशा में कौन सी राशि उदय हो रही थी, जिसे हम लग्न कहते हैं, उसे उक्त चार्ट पर दर्शा दिया जाता है। प्रत्येक राशि का पूर्व दिशा में समय काल लगभग 2 घंटे का रहता है जिसके पश्चात दूसरी राशि का प्रवेश हो जाता है।

### लग्न किसे कहते है

श्री वर्मा कहते हैं कि सूर्य 24 घंटे में 12 राशियों में भ्रमण कर लेता है जिसके आधार पर हम इन्हें विभाजित कर समझ सकते हैं कि, प्रत्येक राशि में 2 घंटे का समय होता है। यह अवधिकाल विभिन्न राशियों के लिये अलग अलग भी हो सकता है, एक राशि के उदय और अंत समय को चिन्हित किया जाता है और यह तय किया जाता है कि जन्म लिये बालक के समय पूर्व दिशा में कौन सी राशि थी।

### पंचांग क्या होता है

पंचाग नाम के अनुसार ही पांच अंकों का होता है जिसमें तिथि, वार,नक्षत्र,योग जो अलग अलग तरीके से बनते है और करण होते है जो तिथि के आधे भाग को कहते है, हमारे ज्योतिष पूरे एक वर्ष का लेखा जोखा उसमें लिख देते है और जब हमारा जन्म होता है उस समय पर और उस स्थान पर कौन सी लग्न उदय हो रही है वह भी उसमें लिखा होता है, वही उस पंचाग में यह भी पता चलता है कि कौन सा ग्रह कौन सी राशि में भ्रमण कर रहा है। अब आप जानते है एक राशि तीस डिग्री की होती है, वही कुछ ग्रह तेज चलते है कुछ धीमें ,जैसे चन्द्र एक राशि को सवा दो दिन में पार कर लेते है और अगर हम शनि की बात करें तो शनि एक राशि को ढाई वर्ष में पार करते है। और हम अपने जन्म के समय उनकी स्थिति को देखना चाहे तो वह डिग्री में है वह भी मिल जाता है। यह पूरा लेखा जोखा हमें पंचाग से मिल जाता है और उसी आधार पर हम कुण्डली में लिख देते है।

### अगले अंक में जानें

**अगले अंक में जानिये कि राशियां होती क्या है, उन राशियों के क्या गुण धर्म होते है और किन राशि के आधार पर हम व्यक्तियों के सम्बध में हम उनके अलग अलग गुणों को जान सकते है।**

# घर ही नहीं जिंदगी को भी डिजिटल बना रहे टेक्नोलॉजी ट्रेंड

## अंगुलियों पर नाचते हाईटेक संसाधन, आवाज से आदेश देकर हो रहे रिमोटली वर्क, फाइबर ने लाया गजब का बदलाव



**कटनी।** दूरदर्शन का एंटीना तो आपने जरूर घुमाया होगा। इतने कम समय में बड़े पैमाने पर लोगों का वर्चुअल स्पेस में शिफ्ट होना आसान नहीं था। बेहतरीन हार्डवेयर के साथ अच्छी कनेक्टिविटी ने यूजर्स के लिए यह राह आसान बना दी। आज का यह डिजिटल युग सिर्फ संपन्न परिवार की शौक नहीं बल्की जिंदगी को असान बनाने तथा गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार की पहुंच है। देश में स्मार्ट फोन आए वीडियो कालिंग का आप्सन मिला तो यह किसी जादू से कम नहीं था लेकिन अब तो यह बीते दिन की बात हो गई। सिर्फ कटनी जिले की बात करें तो यहां करीब 16 लाख की जनसंख्या में 10 लाख से अधिक लोग 4 जी कनेक्टिविटी के साथ स्मार्ट फोन उपयोग कर रहे हैं। इसी तरह करीब 2 लाख लोग मोबाइल से रूपये का ट्रांजेक्शन कर रहे हैं। इसी तरह 7 लाख से अधिक लोग सोशल मीडिया मतलब फेसबुक और व्हाट्सएप चला रहे हैं। जिस जिले में 10 लाख स्मार्ट फोन हों तो स्वाभाविक है कि इसमें इन सभी की ईमेल आईडी भी होगी लिहाजा माना जाए कि कटनी जिले के करीब 8 लाख लोगों के पास खुद की ईमेल आईडी है। यह सब कुछ बीते 3 सालों में हुआ है।

### फाइबर ने ला दी नई क्रांति

अब तक 4 जी कनेक्टीविटी को लेकर तेज मानते हैं लेकिन अब फाइबर के द्वारा इसको धीमा कर दिया गया। फाइबर को तीन कंपनियां शहरी क्षेत्र में कनेक शन उपलब्ध करा रही हैं जिसमें जिओ फाइबर एयरटेल तथा सरकारी उपक्रम बीएसएनएल शामिल हैं।

### कोरोना ने बढ़ाया घर का मनोरंजन

दुनिया महामारी और लॉकडाउन के प्रभाव से धीरे-धीरे बाहर निकलनी शुरू हो गई है लेकिन न्यू नॉर्मल अपनी जगह बना चुका है और हमें पता है कि जिंदगी अब पहले जैसी कभी नहीं हो सकती। हालांकि टेक्नॉलजी बेहद ही मुश्किल समय में हमारे लिए सबसे ज्यादा मददगार साबित हुई। इसकी बदौलत ना सिर्फ लोगों के काम और पढ़ाई करने का तरीका बदला बल्कि वो अपने परिवार और दोस्तों के साथ भी जुड़े रहे। इतने कम समय में बड़े पैमाने पर लोगों का वर्चुअल स्पेस में शिफ्ट होना आसान नहीं था. बेहतरीन हार्डवेयर के साथ अच्छी कनेक्टिविटी ने यूजर्स के लिए यह राह आसान बना दी। टेक्नालाजी के नए ट्रेंड में पिछले एक साल में लोगों का न्यू नॉर्मल की तरफ बढ़ना मुमकिन बनाया।




### वर्क फॉम होम


लॉकडाउन की पाबंदियों के चलते अधिकतर कंपनियों ने वर्क फ्रॉम होम को ही अपनाया। जिसका मतलब था कि आपको एक ही जगह रहना है और काम करना है. ट्रेडिशनल वर्क प्लेस की जगह घर पर डेस्क ने ले ली। लेकिन वीडियो कॉनफ्रेंस वाले प्लेटफॉर्म्स ने सुनिश्चित किया कि टीम ना सिर्फ साथ जुड़कर काम करे बल्कि नए आईडिया, रणनीति और काम के आगे बढ़ने में कोई रुकावट नहीं आए. घर पर काम करने से आए बदलाव को देखते हुए कई कंपनियों ने अपने यूजर्स के लिए बेहतर सुविधा पेश की।




### डीटीएच के साथ हाईस्पीड इंटरनेट सस्ते में

इस ऑफर में डीटीएच, पोस्टपेड और फाइबर कनेक्शन को एक ही बिल में समेटने का काम किया और इससे मल्टीपल बिल के भुगतान की तारीखों का बोझ कम हो गया. इस ऑफर के तहत कंपनी ने अपने यूजर्स को एक डेडिकेटेड रिलेशनशिप मैनेजर की टीम मुहैया करवाई और समस्याओं को प्राथमिकता पर रखकर समाधान करने की कोशिश की.

## नीरज सिनेप्लेक्स में




अंतिम 4 दिन
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

## सिटी मॉल बरही रोड में

अंतिम 4 दिन
रोजाना 3 शो ता. 28 से
1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

# मेहमानों की पाबंदी हटने के साथ ही दिखी शादियों में भीड़

## अन्य एहतियात भी भूल गए लोग, न मास्क न सोशल डिस्टेंसिंग, दावतों में खूब हुई मौज, टला नहीं कोरोना का खतरा

**कटनी।** व्यक्ति को बंधन तोड़ने के लिए बहाना चाहिए। ऐसा बंधन भी जो उनकी जान खतरे में डाल सकता है। जी हां शहर में कल बसंत पंचमी के अवसर पर कुछ ऐसा ही नजारा दिखा जब शहर में विवाह समारोहों में दावतों में खूब मौज हुई। न मास्क नजर आया न सोशल डिस्टेंसिंग और न ही अन्य कोविड गाइड लाइन का पालन दिखा। आपको बता दें कि बसंत पंचमी पर कल जिले में कई विवाह समरोह आयोजित थे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गत दिनों बड़ा ऐलान करते हुए शादी-समारोह पर लगा लिमिटेड संख्या का प्रतिबंध हटा दिया है। यह बसंत पंचमी यानि से लागू हो हो गया। बस फिर क्या था विवाह समारोहों में मेहमानों की भीड़ अचानक बढ़ गई। आपको बता दें कि कल से पहले तक प्रदेश में 250 मेहमान ही बुलाने का आदेश लागू था। 5 फरवरी से लोग अपनी क्षमता के अनुसार विवाह में लोगों को आमंत्रित कर सकेंगे यह आदेश 4 फरवरी को जारी हो गए थे। 5 फरवरी से सरकार ने शादियों में मेहमानों की संख्या 250 तय की थी। ठीक एक महीने बाद इस प्रतिबंध को हटाया गया है। लेकिन साथ में यह भी कहा कि शादी समारोह में कोरोना गाइडलाइन, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।



इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार सुबह 11 बजे कोरोना संक्रमण की समीक्षा की। बैठक में प्रदेशभर की स्थिति का आकलन किया गय था जिसमें कहा गया था कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार में कमी आने लगी है। इसको लेकर कोरोना की रोकथाम के लिए लगाई गई पाबंदियों पर चर्चा की गई। शाम को शादियों में मेहमानों की सीमित संख्या पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया।

### फरवरी में शादियों के 5 मुहूर्त

फरवरी महीने में शादियों के 5 मुहूर्त हैं। इनमें सबसे ज्यादा 5, 6, 10, 18 और फिर 19 तारीख को मुहूर्त है।
कटनी शहर की बात करें तो यहां सिर्फ कल एक दिन में करीब एक सैकड़ा विवाह समारोह आयोजित किये गये थे। शादियों का सीजन शुरू हो गया है। अब केवल होलाष्टक के दौरान ही विवाह समारोह नहीं होंगे उसके बाद अप्रैल तथा मई में फिर कई विवाह मुहूर्त हैं।

# कटनी में उपार्जन पंजीयन के लिए जनपद, तहसील कार्यालय में सुविधा केंद्र स्थापित करने के निर्देश

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। किसान पंजीयन का कार्य 5 फरवरी से प्रारंभ होगा, जो कि 5 मार्च 2022 तक जारी रहेगा। निर्देशों के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र पर, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्र स्थापित कर नि:शुल्क पंजीयन की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को पंजीयन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो। इस संबंध में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार सहायक तथा जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में तकनीकी रुप से दक्ष कर्मचारी की सुविधा केंद्र पर ड्यूटी लगाई जाये। साथ ही ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



# कटनी में मजदूर की मौत पर यूपी में बना राजनीतिक मुद्दा, सपा बसपा ने घेरा एमपी की शिवराज सरकार को



**कटनी।** अमराहट थानाक्षेत्र के तुतुआपुर गांव निवासी युवक दीपू सिंह की मध्य प्रदेश के कटनी शहर में हत्या हो गई थी। रविवार को उसका शव पहुंचा तो रोना पीटना मच गया। परिवार के अलावा ग्रामीण भी दुखी हैं। वहीं घायल युवकों की सलामती की दुआ गांव के लोग कर रहे है। इस बीच यूपी में चूंकि चुनाव हैं इसलिए यह मुद्दा वहां राजनीतिक बन गया है। कल शव पहुंचने के बाद कई स्थानीय नेता पहुंचे तथा इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार दूसरे राज्यों से काम करने एमपी में आने वाले श्रमिकों की सुरक्षा नहीं कर पा रही। इसके बाद बीएसपी तथा कांग्रेस ने भी यही आरोप लगाया। तुतुआपुर गांव निवासी मान सिंह चौहान का 23 वर्षीय बेटा दीपू सिंह मध्य प्रदेश के कटनी शहर में फोर प्लाजा नामक जगह पर कैंटीन चलाता था। उसके साथ में गांव के अन्य कई साथी युवक भी वहीं काम करने के साथ ही रहते थे। बीते शुक्रवार रात को किसी बात को लेकर सोते समय चाकू व डंडे से कुछ लोगों ने हमला कर हत्या कर दी थी। गांव के साथी रवि सिंह, रिकू सिंह व सुनील आदि गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायलों का उपचार वहीं कटनी के जिला चिकित्सालय में कराया जा रहा है। रविवार को दीपू का शव गांव पहुंचा तो परिवार में रोना पीटना मच गया। पति का शव देखकर पत्नी कल्पना गश खाकर गिर पड़ी। वहीं मां माधुरी, पिता, छोटा भाई अवधेश, चाचा रघुराज सिंह का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 07 फरवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# नियमविरूद्ध पदस्थ जनशिक्षकों पर गिरेगी गाज

## यशभारत की खबर के बाद मचा हड़कम्प, जनशिक्षकों को हटाकर मूल शाला में वापस भेजने डीपीसी के निर्देश

**कटनी/रीठी।** जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी के अंतर्गत बड़गांव संकुल में नियमविरूद्ध तरीके से रखे गए जनशिक्षकों के मामले ने तूल पकड लिया है। यशभारत की खबर के बाद जिला परियोजना समन्वयक ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। सूत्रों के मुताबिक जनशिक्षकों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है और आज शाम तक आदेश भी जारी हो सकते हैं। डीपीसी के के डेहरिया ने भी पत्र लिखकर जनशिक्षकों को हटाने के निर्देश दिए हैं।


रीठी जनपद शिक्षा केन्द्र फिर विवादों में
गोदाना में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के बाद अब बड़गांव में जनशिक्षकों की अवैध नियुक्ति का मामला सुर्खियों में

यशभारत के 6 फरवरी के अंक में प्रकाशित खबर। जिसको अफसरों ने संज्ञान में लिया।

गौरतलब है कि इस पूरे मामले का खुलासा उस समय हुआ था, जब जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश चंद्र गोमे एवं जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया द्वारा रीठी बीआरसी से जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी के अंतर्गत आने वाले सभी संकुलों में जनशिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी चाही गई थी, जिसमे रीठी बीआरसी द्वारा जिला परियोजना समन्वयक को पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी के अंतर्गत ग्राम घुघरा, गुरजलीकला, बिलहरी में एक-एक और बड़गांव एवं रीठी में दो-दो जनशिक्षक के पद रिक्त हैं। इसके अलावा रीठी में बीएसी के तीन पदों के भी रिक्त होने की जानकारी दी गई थी लेकिन पता चला है कि बड़गांव सहित कई संकुलों में बीआरसी द्वारा नियमविरूद्ध तरीके से जनशिक्षकों का अटैचमेंट किया गया है। इनमे से कई के पास न तो जनशिक्षक बनने की योग्यता है और न ही पात्रता। इसके अलावा संकुल प्राचार्य के निर्देश पर ऐसे जनशिक्षकों को वित्तीय प्रभार भी दे दिया गया। नियमों की अव्हेलना कर रखे गए जनशिक्षकों को हटाने का मामला उस समय सामने आया, जब ग्राम गोदाना में वित्तीय अनियमितताओं के एक प्रकरण में कार्यवाही की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर डीपीसी, रीठी बीआरसी एवं बड़गांव संकुल प्राचार्य कार्यालय में सूचना का अधिकार के तहत जानकारी भी मांगी गई है। इसके बाद से यहां हड़कम्प मचा हुआ है। अब इस पूरे मामले को जिला पंचायत के सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने भी संज्ञान में लिया है। इसके अलावा डीपीसी के के डेहरिया ने भी कार्यवाही की बात कही है। अब देखना है कि इस मामले में कब तक और क्या कार्यवाही होती है।

### इनका कहना है

जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी के अंतर्गत बड़गांव संकुल में नियमविरूद्ध पदस्थ जनशिक्षकों को हटाने मौखिक आदेश दिया गया था। अब रीठी बीआरसी को पत्र लिखकर कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। नियमों का उल्लंघन कर रखे गए जनशिक्षकों को उनकी मूल शाला में भेजा जाएगा। **-के के डेहरिया, डीपीसी**



# कोरोना की तीसरी लहर के दौरान आज जिले में पहली मौत

## जागृति कॉलोनी निवासी पुरूष ने अस्पताल में तोड़ा दम

**कटनी।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के दौरान साल 2022 में जिले में आज पहली मौत दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक खिरहनी क्षेत्र स्थित जागृति कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति पिछले दिनों कोरोना संक्रमित हो गया था। संक्रमण अधिक होने के बाद उपचार के लिए उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद कोविड नियमों का पालन करते हुए उसका अंतिम संस्कार पुरैनी स्थित कोविड मुक्तिधाम में किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि पिछले दिनों उक्त व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। जिससे उसकी मौत की जानकारी मिली है।

# खिरहनी में तोड़ी गई बाउंड्रीवाल

## न्यायालय के आदेश पर राजस्व व नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण





**कटनी।** उच्च न्यायालय के आदेश पर कल रविवार को राजस्व विभाग, नगर निगम व पुलिस बल ने शहर से लगे खिरहनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। तहसीलदार नगर संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च न्यायालय में लगी रिट पिटीशन सतीश पटेरिया विरूद्ध शासन में पारित आदेश के पालन अनुसार रविवार को राजस्व अमले ने नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता व पुलिस बल के साथ खिरहनी स्थित खसरा नंबर 619.4, 619.5 के अंश भाग में 17 ग 18 वर्गफुट में बनी बाउंड्रीवाल को तोड़ने की कार्रवाई की गई। न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने निर्धारित क्षेत्र का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### 24 घंटे में मिले 36 नए कोरोना पॉजीटिव केस

**कटनी।** जिले में पिछले 24 घंटे में 36 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। नए पॉजीटिव मरीजों को मिलाकर फरवरी के महीने में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 439 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक सभी 439 एक्टिव मरीजों को होम आईसोलेशन में ही रखा गया है। इसके अलावा 159 मरीज पिछले चौबीस घंटे में स्वस्थ हुए है। फरवरी के महीने में अब तक 423 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 10 हजार 944 हो गई है। इसमे से 10 हजार 375 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं। बताया जाता है कि जिले में अब तक कुल 3 लाख 74 हजार 204 मरीजों की कोरोना जांच की जा चुकी है।

# नियम विरुद्ध कार्य एवं शासकीय राशि के दुरुपयोग पर निलंबन की कार्रवाई

## ग्राम गोदाना स्कूल का मामला, प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**कटनी।** जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने एक प्रकरण में नियम विरुद्ध कार्य एवं शासकीय राशि के दुरुपयोग में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक स्वरुप लाल चौधरी प्राथमिक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला इन्द्रा कॉलोनी गोदानाए संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव जनपद रीठी को दोषी मानते हुये मध्यप्रदेश सिविल सेवा ;वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम 1996 के उप नियम 9 के प्रावधान अनुसार निलंबन का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय शासकीय माध्यमिक विद्यालय बिलहरी होगा। प्रकरण के अनुसार दैनिक समाचार पत्रों में सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला इन्द्रा कॉलोनी गोदाना में अतिरिक्त भवन निर्माण की अनियमितता की खबर प्रकाशित हुई थी। जिस पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रीठी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी को इस निर्माण कार्य की जांच किये जाने के निर्देश जारी किये गये थे। जिसका जांच प्रतिवेदन संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जांच प्रतिवेदन का परीशीलन किया गयाए जिसमें दोषी पाये गये सेवक को समक्ष में आहूत कर उनका पक्ष भी सुना गया।

### इनका कहना है

गोदाना स्कूल में वित्तीय अनियमितताओं में जांच के लिए संयुक्त टीम बनाई गई थी। जांच के बाद निलंबन की कार्रवाई की गई है।
**-पृथ्वीपाल सिंह, डीईओ**

ग्राम गोदाना स्थित स्कूल में हुई वित्तीय अनियमितताओं की जांच जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा की गई थी और इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ही कार्यवाही की गई है।
**-के के डेहरिया, डीपीसी**



# दशरमन ने जीता डीजे क्रिकेट टूर्नामेंट

## फाइनल में सनी क्रिकेट क्लब बघराजी को हराया

**कटनी/उमरियापान।** बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ढीमरखेड़ा ब्लाक के ग्राम दशरमन में संभाग स्तरीय डीजे क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में ढीमरखेड़ा एवं आसपास की टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच कल रविवार को सनी क्रिकेट क्लब बघराजी और डीजे क्रिकेट क्लब दशरमन के बीच खेला गया। जिसमें रोमांचक मुकाबले में दशरमन टीम ने मैच पर जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। मैच के उपरांत समापन एवं पुरुस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अन्य अतिथियों के रूप में पनागर जबलपुर के उद्योगपति एवं कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव, जिला अधिवक्ता संघ कटनी के अध्यक्ष एवं टीम कमलनाथ के प्रदेश अध्यक्ष अमित शुक्ला मंचासीन रहे। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता टीम एवं खिलाड़ियों को पुरूस्कार प्रदान किए। इस दौरान आयोजन समिति के सौरभ गर्ग सहित पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# परंपरागत खेती छोड़ पकड़ी उद्यानिकी की राह, शेडनेट हाउस में उगा रहे शिमला मिर्च



## बहोरीबंद के खड़रा निवासी कृषक ने शासकीय योजना का लाभ लेकर कमाया मुनाफा



**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश की समृद्धिए खुशहाली तथा अग्रणी बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार हर स्तर पर कार्य कर रही है। वहीं प्रदेश के किसानों की आय में इजाफा हो और प्रदेश का किसान भी खेती को लाभ का धंधा बनाकर समृद्ध होए इस दिशा में भी विभिन्न योजनाओं का संचालन किसानों के लिये किया जा रहा है। जिसका लाभ लेकर कृषक खेती.किसानी तथा बागवानी में अब आधुनिकता को अपनाकर प्रदेश का नाम पूरे देश में अग्रणी रखने में अपना योगदान दे रहे हैं। आधुनिक खेती को अपनाकर किसान अधिक से अधिक मुनाफा कमाएं इसको लेकर अनुदान पर आधुनिक यंत्र सहित सामग्री किसानों को प्रदेश सरकार उपलब्ध करा रही है। यही कारण है कि प्रदेश को लगातार कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिले में भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए किसान आधुनिक खेती की तरफ हाथ बढ़ाकर अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं।जिले की बहोरीबंद तहसील के खड़रा निवासी युवा कृषक ने भी परंपरागत खेती की राह को छोड़कर शासन की योजनाओं का लाभ लेते हुए उद्यानिकी की फसलों का रूख किया है और अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। खड़रा गांव निवासी कृषक शशांक पटेल पहले परंपरागत तरीके से खेती करते थे। इस बीच उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया और विभाग की योजनाओंए अनुदान के संबंध में जानकारी दी। उद्यानिकी की शेडनेट निर्माण योजना से प्रेरित होकर किसान ने आवेदन दिया। उसके बाद विभाग ने योजना के तहत वर्ष 2021-22 में कृषक शशांक के शेडनेट निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। योजना के अंतर्गत कृषक की एक एकड़ भूमि पर शेडनेट का निर्माण कराया गया। जिसमें उसने शिमला मिर्च की खेती प्रारंभ की। शेडनेट हाउस का निर्माण 28 लाख 40 हजार रूपये की लागत से हुआ। जिसमें कृषक को शासन की योजना के तहत 14 लाख 20 हजार रूपये का अनुदान उसके खाते के माध्यम से प्रदान किया गया।

### एक ही साल में अच्छा खासा मुनाफा

कृषक शशांक पटेल ने बताया कि उन्होंने अपने शेडनेट हाउस में शिमला की खेती प्रारंभ की। जिसमें पीले रंग व हरे रंग की शिमला वे एक साल से उगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली ही बार उनके शेडनेट हाउस में एक क्विंटल 13 किलो शिमला का उत्पादन हुआ था। दूसरी बार में 56 किलो और जनवरी माह में हुई तीसरी तुड़ाई में 140 किलो शिमला मिर्च का उत्पादन किसान के शेडनेट हाउस में हुआ है। कृषक शशांक का कहना है कि प्रदेश सरकार की योजना के कारण उन्होंने उद्यानिकी की राह पकड़ीए जिससे अब उन्हें अच्छा खासा मुनाफा प्राप्त हो रहा है।

# छुट्टी के दिन भी खुलेंगे उप पंजीयक कार्यालय

**कटनी।** वरिष्ठ उप पंजीयक कार्यालय जिला पंजीयक कटनी ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से वर्ष 2022.23 की गाईडलाईन लागू की जानी है। इसके लिये उप जिला मूल्यांकन समिति कटनी एवं विजयराघवगढ़ के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं शीघ्र ही मूल्यांकन समिति की बैठक भी आयोजित की जानी है। उप जिला मूल्यांकन समिति कटनी एवं विजयराघवगढ़ से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर वर्ष 2022.23 की गाईड लाईन दरों में 10 से 25 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है। इसी क्रम में जिले के जनसामान्य को महा फरवरी एवं मार्च 2022 में दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधाओं की दृष्टि से 31 मार्च 2022 तक की अवधि में समस्त सार्वजनिक अवकाश ;प्रत्येक शनिवारए रविवारए होली अवकाश को छोड़करद्ध महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार समस्त उप पंजीयक कार्यालय शासकीय कार्य के लिये खोले जा रहे हैं।

**कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, (म.प्र.)**

क्रं. /8193 स्व.भा.मि./2022 कटनी, दिनांक - 04/02/2022

//विज्ञप्ति //

नगरपालिक निगम कटनी स्वच्छ सर्वेक्षण- 2022 के अंतर्गत कचरा मुक्त शहर रेटिंग में स्वयं को 5-स्टार कचरा मुक्त शहर घोषित करती है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति है तो नगरपालिक निगम कार्यालय में पन्द्रह दिवस के भीतर लिखित आवेदन कर सकते है। समयावधि उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

# टेढ़ी निवार में हुआ क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला

**कटनी।** ग्राम पंचायत टेढ़ी निवार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच कल रविवार को खेला गया। मैच के उपरांत समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्कर्मा, भाजपा देवरीहटाई मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे के आतिथ्य में आयोजित किया गया। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर अनिल पटेल, अजय माली, सुनील विश्वकर्मा के साथ ही कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

Dr
**सी. आर. एम.**
डे केयर क्लीनिक

डॉ. एस. के. शर्मा, एमडी (मेडिसिन)
वरिष्ठ चिकित्सा एवं छाती रोग विशेषज्ञ
पूर्व सिविल सर्जन, जिला अस्पताल
कटनी (म.प्र.) मो. 9425158548
सुबह 12 से सायं 4 बजे एवं रात्रि 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक
(रविवार अवकाश)

डॉ. अभिषेक शर्मा (एमबीबीएस)
डिप्लोमा इन कार्डियोलॉजी (पी.जी.डी.सी.सी.) फैलोशिप इन डायबिटिस,
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, पूर्व फीजिशियन जिला अस्पताल
कटनी म.प्र. मो. 8826395999 -
परामर्श समय : सुबह 10:30 बजे से दोपहर 04:30 बजे एवं सायं 06:30 बजे से रात्रि 08:30 बजे तक एवं रविवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक

सुविधाएं- ई.सी.जी., टी.एम.टी./ट्रेड मिल टेस्ट, इकोकार्डियोग्राफी, एक्सरसाइज स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी डोबुटामिन स्ट्रेस इकोकार्डियोग्राफी एवं एक्सरे, पैथोलॉजी, पी.एफ.टी. (फेफड़े की जांच)

पता- डॉ. शर्मा तिराहा, बिहारी सोनी मार्केट, पुरानी बस्ती, आजाद चौक, कटनी, (म.प्र.) फोन- 07622-225824, 8826395999

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM

एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने,
कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# एक सप्ताह के भीतर करें जननी योजना में लगे वाहनों का भुगतान

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक भी ली

**कटनी। जननी सुरक्षा योजना में जिन भी हितग्राहियों के खातों की जानकारी सही नहीं है और उनका भुगतान लंबित हैं, उसके लिए मिशन मोड़ पर काम करें। एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित भुगतान हितग्राहियों के खातों में कराएं। इसके लिए उनकी बैंक संबंधी जानकारी, समग्री आईडी आदि जो भी सही नही है, उसके लिए आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत के सचिवों के माध्यम से जानकारी एकत्र करें। रोजाना जितने भी हितग्राहियों को राशि दी जा रही है, उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक में यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से जिले की जननी सुरक्षा योजना का लाभ लेने वाली 100 हितग्राहियों से फोन पर चर्चा कर योजना में मिली राशि का उपयोग उन्होंने कहां किया, इस बात की जानकारी लेने के भी निर्देश प्रदान किए।**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में पंचायतवार लिंगानुपात का डाटा एकत्र कर टीएल में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मातृवंदना योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी प्रसूता जिन्हें प्रथम प्रसव के बाद यदि योजना में राशि नहीं मिली तो उनकी जानकारी एकत्र करने और रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से 5 हजार रूपये प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना की लक्ष्यपूर्ति की जानकारी ली और दो बालिका के बाद परिवार नियोजन न अपनाने वाली महिलाओं को प्रेरित करने के भी निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में आयुष्मान योजना की भी समीक्षा की और पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाने के कार्य को गति देने के निर्देश प्रदान किए।



### आकांक्षी योजना में शामिल ब्लाक के साथ दूसरे ब्लाक भी करें डाटा फीड

बैठक में जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने बताया कि शासन की आकांक्षी योजना में जिले के रीठी, ढीमरखेड़ा व विजयराघवगढ़ ब्लाक को शामिल किया गया है। जिसमें 28 पैरामीटर पर स्वास्थ्य व पोषण को लेकर डाटा की एंट्री हर माह की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से करना है। सीईओ श्री गोमे ने कहा कि योजना में शामिल तीन ब्लाकों के अलावा अन्य ब्लाक भी इसको लेकर कार्य करें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्डिनेशन के साथ काम करने व फीड होने वाले डाटा का जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा वेरीफिकेशन कराने के निर्देश सीईओ श्री गोमे ने दिए। इसके अलावा फ्रंट लाइन वर्कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को जिले में लगे कोविड बूस्टर डोज की जानकारी लेते हुए सीईओ जिला पंचायत ने शेष बचे कर्मचारियों को एक स्थान पर एकत्र कर वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए।

### दूसरे वाहन से आएं तो रेडक्रास से दिलाएं मदद

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रसव के दौरान जिस भी प्रसूता को जननी वाहन की जगह दूसरे वाहन से लाया जाता है तो रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में ही रेडक्रास सोसायटी सचिव व सिविल सर्जन को आकांक्षी योजना में शामिल तीन ब्लाकों को दस-दस हजार व बाकी ब्लाक के बीएमओ को 5-5 हजार रूपये की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में कहा कि फील्ड में जाते समय जिन स्थानों पर संपर्क सड़क आदि की समस्या है, उन स्थानों को भी चिन्हित कर जानकारी दें ताकि प्रस्ताव तैयार कर व्यवस्था को दुरूस्त कराया जा सके। वजन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिन स्थानों पर बड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां पर टीम भेजें और मजदूरों के बच्चों का वजन कराएं। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को विशेष पोषण ग्राम सभा आयोजित कराने के भी निर्देश बैठक में दिए।

### आंगनबाड़ी गोद लेने वालों के माध्यम से कराएं काम

आंगनबाड़ी गोद लेने की योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिन जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व अन्य जनों ने केन्द्रों को गोद लिया है, उनके माध्यम से कार्य कराएं। साथ ही केन्द्रों में निरीक्षण रजिस्टर अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में मातृ संयोगिनी समिति, जल जीवन मिशन के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में कराए जा रहे कार्यों, उदिता कार्नर, भवन निर्माण कार्य की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों के कार्य मार्च तक पूरा कराने के भी निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए।

### लक्ष्य अनुरूप हो सेंपलिंग का कार्य, अच्छा काम करने वालों का करें सम्मान

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्य व योजनाओं की भी समीक्षा की। 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को लगने वाले वैक्सीन के द्वितीय डोज की जानकारी प्राचार्यों को समय पर देने और शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के निर्देश उन्होंने बैठक में दिए। साथ ही कहा कि कोविड के सेंपलिंग के कार्य में भी लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। स्वास्थ्य विभाग की पूर्व की बैठक का भी रिव्यू कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में किया। उन्होंने आयुष्मान योजना, एनएफएचएस, एनआरसी, पोषण पुनर्वास केन्द्रों, मलेरिया नियंत्रण, अंधत्व निवारण कार्य, कुष्ठ नियंत्रण आदि के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश प्रदान किए। पूर्ण टीकाकरण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने 50 प्रतिशत से कम कार्य करने वाले एएनएम को नोटिस देने व अच्छा कार्य करने वालों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मेटरनल डेथ, आशा चयन की भी जानकारी ली। साथ ही गंभीर बीमारियों से पीड़ित आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आदि की जानकारी एकत्र करते हुए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी बैठक में प्रदान किए गए। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से 50 क्षय पीड़ित मरीजों से चर्चा कर फीडबैक लेने के निर्देश प्रदान किए। अच्छी डायरी लिखने वाली हर ब्लाक की एक-एक आशा कार्यकर्ताओं को टीएल बैठक में सम्मानित करने के भी निर्देश बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सभी ब्लाकों के बीएमओ व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कोरोना में बेसहारा हुये बच्चों को अनुग्रह राशि दिलाने में मदद करेगा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**कटनी।** कोविड-19 के कारण माता या पिता अथवा माता-पिता दोनों की मृत्यु के कारण बेसहारा हुए बच्चों को शासन के द्वारा अनुग्रह राशि (सहायता राशि) प्रदान की जा रही है। माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा आवेदन क्र. 1805/2021 डब्ल्यू. पी. (सिविल) क्र. 539/2021 गौरव कुमार वंसल विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को यह निर्देशित किया गया है कि कोविड-19 से प्रभावित बेसहारा हुए वह बच्चे, जो कि जिला प्रशासन के समक्ष अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके है अथवा जिला प्रशासन को उनकी जानकारी नहीं है या उनका आवेदन पत्र किन्ही कारणों से जिला प्रशासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है, ऐसे बच्चों का परीक्षण कर उन्हें अनुग्रह राशि दिलाने में सहायता करें।

बेसहारा बच्चे जिनके माता या पिता अथवा माता-पिता दोनों की कोविड-9 के कारण मृत्यु हो गई है, जो अनुग्रह राशि प्राप्त करने के लिये जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाये है या जिनका आवेदन किन्हीं कारणों से निरस्त कर दिया गया है और वे जिला प्रशासन के निर्णय से असंतुष्ट है, तो वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय कटनी में संपर्क कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## पेंशनर्स को अब डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करना होगा आसान

### पोस्टमैन जनरेट करेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

**कटनी।** प्रदेश में अस्वस्थ, अति वरिष्ठ पेंशनर्स और परिवार पेंशनरों की सहूलियत के लिये डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की व्यवस्था लागू की गई है। वित्त विभाग ने सभी विभागों को उक्त व्यवस्था से अवगत कराया है। अब पोस्टमैन द्वारा बायोमेट्रिक डिवाइस से पेंशनर का सत्यापन करते हुए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जनरेट कर जीवन प्रमाण पोर्टल पर अपडेट किया जा सकेगा। अस्वस्थ एवं अति वरिष्ठ पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिये नियत केंद्र या कियोस्क तक पहुँचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के पेंशनर और परिवार पेंशनरों के लिये कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुरूप इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिये डोर स्टेप सर्विस सेवा अतिरिक्त विकल्प के रूप में सशुल्क प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। वैकल्पिक व्यवस्था में जीवन प्रमाण-पत्र, पोर्टल के साथ इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक या पोस्ट ऑफिस से संपर्क कर नियत शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। पेंशनर और परिवार पेंशनर को मूलभूत जानकारी जैसे पेंशन आईडी, पेंशन पेमेंट ऑर्डर, पेंशन वितरण विभाग, संस्था, बैंक वितरण, मोबाइल नंबर, आधार नंबर आदि जानकारी पोस्टमैन को उपलब्ध करानी होगी।

## बसंत पंचमी पर विष्णु वेद विद्यालय में सरस्वती पूजन के साथ शिक्षा का शुभारंभ



**कटनी।** सरस्वती विष्णु वेद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मां सरस्वती का पूजन अर्चन, विद्यारंभ संस्कार, पार्टी पूजन कार्यक्रम विद्यालय समिति अध्यक्ष राकेश मिश्रा व्यवस्थापक राम कुमार दुबे, धनीराम तिवारी, रूप सिंह राठौर, डॉ बीके तोमर, प्रबुद्ध पुरवार एवं प्राचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों के साथ आचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन नौकुंडी हवन यज्ञ एवं आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नवीन प्रवेशित 25 भैयाध्बहनों से पार्टी पूजन करा कर उन्हें निशुल्क प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर द्विवेदी मनोज प्यासी गुरु शरण दुबे राजकुमार विश्वकर्मा श्रवण पटेल अनुसुइया प्रसाद प्यासी रितेश सिंह जितेंद्र तिवारी पूनम सक्सेना वंदना शुक्ला अमृता सालोमन वंदना मिश्रा प्रमोद पांडे अभिलाषा सिंह प्रीती मिश्रा वंदना शुक्ला मंजू भारद्वाज ज्योति गर्ग गीतका मिश्रा कुसुम श्रीवास्तव सविता शुक्ला हेमेंद्र श्रीवास ज्योति पाठक सुब्रतो दास वंदना सुनोने विपिन पाल सीमा यादव वर्षा सिंह मिथिलेश सिंह अरुणा सिंह का विशेष योगदान रहा

## स्पंज की तरह कार्य करते हैं वेटलैंड

### वर्ल्ड वेटलैंड-डे पर गर्ल्स कॉलेज में वेबीनार

**कटनी।** गर्ल्स कॉलेज इको क्लब के तत्वावधान में विश्व नमी दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर के गुप्ता एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन के मार्गदर्शन में एक वेबीनार का आयोजन किया। डॉ. साधना जैन ने आयोजन के संबांध में बताया कि वैटलैण्ड स्पंज की तरह कार्य करते है। इनकी उपयोगिता और महत्व काफी है। इसलिए 2 फरवरी को विश्व नमी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य वक्ता के रूप में माता गुजरी महाविद्यालय जबलपुर की डॉ. मंजूषा पौराणिक सह प्राध्यापक रहीं। इको क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने वेबीनार का उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉक्टर पौराणिक ने वेटलैंड के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए उसके प्रकार एवं भूमि को उपजाऊ बनाने में उसके महत्व के बारे में बताया, उन्होंने यह भी बताया की वेटलैंड किडनी की तरह कार्य करते हैं, यह पानी को प्रदूषण रहित एवं उसकी गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद करते हैं। उन्होंने भारत में पाए जाने वाले विभिन्न वेटलैंड्स के बारे में बताया इसके अलावा उन्होंने बताया कि प्रकृति की खूबसूरती को बढ़ाने व बरकरार रखने में बहुत उपयोगी हैं। आभार प्रदर्शन श्वेता जसावाल के द्वारा किया गया। वेबीनार को सफल बनाने में इको क्लब सदस्यों डॉक्टर रीना मिश्रा, डॉ अंकुर श्रीवास्तव, सुश्री सोनिया कश्यप, सुश्री आरती वर्मा, स्मृति दहायत संध्या सिंह एवं हेमलता सिंह का अहम योगदान रहा है।

## गीले कचरे की खाद से टेरिस पर लहलहा रहा बगीचा

### पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता को लेकर सावरकर वार्ड निवासी महिला ने छत में तैयार किया गार्डन





**कटनी।** घर से निकलने वाले गीले कचरे से लोग अपने घरों में कम्पोस्ट तैयार करें और उसका उपयोग बाग-बगीचों व गमलों में लगाए जाने वाले पौधों के लिए, इसको लेकर नगर निगम की स्वच्छता टीम नगर में लगातार अभियान चलाकर लोगों को कचरे से खाद बनाने के तरीके बता रही है। साथ ही लोगों को गीले कचरे को फेंकने की जगह उसका उपयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर व प्रशासक प्रियंक मिश्रा निर्देश व नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के सार्थक परिणाम शहर में देखने को मिलने लगे हैं। स्वच्छता की टीम से प्रेरित होकर वीर सावरकर वार्ड की एक गृहणि ने न सिर्फघर के निकलने वाले गीले कचरे खाद बनाई बल्कि खाद का उपयोग कर अपने घर की छत पर टेरिस गार्डन तैयार किया है। महिला के छत में इन दिनों आधा सैकड़ा से अधिक फूलदार, फूलदार पौधे लहलहा रहे हैं और लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत नगर में ननि की स्वच्छता टीम के द्वारा वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को गीले व सूखे कचरे के निष्पादन को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिसमें दोनों तरह के कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने और गीले कचरे से जैविक खाद बनाकर उसका उपयोग घर के गार्डन व प्लांटों में करने को प्रेरित किया जा रहा है। टीम ने वीर सावरकर वार्ड निवासी श्रीमति विशु अग्रवाल व उनके परिजनों को गीले कचरे से खाद बनाने को लेकर प्रेरित किया था। श्रीमति अग्रवाल ने अपने घर के कचरे से कम्पोस्ट तैयार करना प्रारंभ किया। उनके इस कार्य में उनके पति अभिषेक अग्रवाल व ससुर अशोक अग्रवाल ने भी सहयोग प्रदान किया। परिजनों की मदद से गृहणि ने अपने घर की छत में गमलों आदि से गार्डन तैयार किया।

### पुराने टायरों, प्लास्टिक बॉटल का भी किया उपयोग

गृहणि विशु अग्रवाल ने न सिर्फ गीले कचरे से जैविक खाद तैयार करके गार्डन बनाया बल्कि घर में पड़े पुराने टायरों, प्लास्टिक की बॉटल आदि का उपयोग कर भी अपने टेरिस गार्डन को आकर्षण रूप दिया श्रीमति अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने अपने टेरिस गार्डन में लीची, नीबू, मुसम्मी, केला, अमरूद, पालक, अदरक, पोदीना, हरी मिर्च, धनिया, नीम, ग्लोय, बेलपत्र, शमीपत्ती, तुलसी, पीला कमल, विभिन्न प्रजातियों के देशी व हाईब्रीड गुलाब, गेंदा, जासौन सहित विभिन्न प्रजातियों के फूल लगाए हैं। उन्होंने बताया घर से निकलने वाले गीले कचरे से जैविक खाद बनाने के लिए वे बड़ी डस्टबिन व मटकों का प्रयोग करती हैं। बड़ा परिवार होने के कारण रोजाना घर में बड़ी मात्रा में सब्जी भाजी, मटर के छिलके व फलों के छिलके सहित चायपत्ती आदि का गीला कचरा निकलता है। जिसे वे बड़े डस्टबिन में रख लेती हं औरै डस्टबिन भरने पर गीले कचरे को खाद निर्मित होने के लिए मटकों में भर दिया जाता है।

## शहर की सफाई व्यवस्था में जुटा निगम का अमला







**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हेतु शासन द्वारा प्रत्येक निकायों को फरवरी माह को स्वच्छता संकल्प माह के रूप में मनाने के निर्देश प्रदान किये गए है। विगत दिवस आयोजित बैठक के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु जारी कैलेण्डर की समीक्षा की जाकर कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा द्वारा कैलेंण्डर अनुरूप गविधियों का आयोजन कर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश प्रदान किये गए है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि शासन निर्देशों के परिपालन तथा कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा व निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वच्छता दूतों की दलेल के माध्यम से संत कवरराम वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर वार्ड के विभिन्न स्थलों के नाले - नालियों ,सार्वजनिक मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नागरिकों को सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी से अवगत कराकर गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग देनें की अपील

### संत कवरराम वार्ड में चला सफाई अभियान

की गई। नगर के मुख्य मार्गो, सार्वजनिक स्थलों, तिराहों चौराहों, नदीपार, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे एवं झिंझरी मुख्य मार्ग सहित डिवाईडर के दौनों ओर, बस स्टेण्ड परिसर, गाटर घाट सुलभ काम्पलेक्स के पास, एन.के.जे सब्जी मंडी, गांधी द्वार मुख्य मार्ग एवं डस्टबिन की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिडकाव, गांधी द्वार से सुभाष चौक तक सड़क की मरम्मत उपरान्त पडे मलवे के उठाव का कार्य, झंडा बाजार, रंगनाथ मंदिर प्रांगण, घंटाघर देशी शराब दुकान के पास, नेहरू वार्ड शौचालय स्थित टेंक एवं गार्डन परिसर की सफाई का कार्य जे.सी.बी मशीन के माध्यम से कराया गया। नगर के सार्वजनिक नाले नालियों के माध्यम से सुगम पानी निकासी को दृष्टिगत रखते हुए बस स्टेण्ड स्थित नाले एवं नालियों की सफाई, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित चौरसिया के प्लाट के पास की नालियों, कावस जी वार्ड स्थित जग्गी पान वाले के सामनें एवं शमशान भूमि रोड पुरानी कलारी के सामनें वाली नाली, मलिन वंशकार बस्ती के विभिन्न स्थलों की नालियों, कैलवारा रोड स्थित नाले के कचरे की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

## कटायेघाट मोड़ पर आयोजित शिविर में जमा हुई डेढ़ लाख की राशि




**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर निगम के बकाया करों के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ती एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना आयोजित हो रहे वसूली शिविरों के तहत आज प्रातः 10:30 बजे से कटायेघाट मोड स्थित बजरंग बली मंदिर के पास शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक नें बताया कि निगम के बकाया करों की वसूली हेतु निगम कार्यालय के अतिरिक्त वार्डो में शिविर का आयोजन कर नगारिकों को निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर जमा करने की सुविधा उनके वार्डो में ही प्रदान किशे जानें के प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में वंशस्वरूप वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान करदाताओं के माध्यम से संपत्तिकर की 38 रसीद काटी जाकर 108816 रूपये तथा जलकर की 20 रसीद काटी जाकर 41248 रूपये कुल 150064 रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

## कोरोना प्रोटोकाल उल्लंघन पर 6600 का चालान



**कटनी।** कोविड . 19 संक्रमण के प्रसार को रोकने एवं बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में नगर के सार्वजनिक स्थलों में कोविड अनुकूल व्यवहार न कर सार्वजनिक स्थलों में बिना मास्क के घूमनें वालों पर चालानी कार्यवाही अनवरत जारी है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य एवं अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में अभियान चलाकर मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमनें वालों पर 6600 रुपये की चालानी कार्यवाही कर संबंधितों को मास्क लगाकर संक्रमण के प्रसार से स्वयं को सुरक्षित रखने अपील की गई।

# पेड़ से टकराकर दो टुकड़े हुई कार, 2 युवकों की दर्दनाक मौत

## तीन गंभीर अस्पताल में भर्ती, बिलहरी मोड़ के पास शहर के युवक हुए ह्दयविदारक हादसे का शिकार

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत मॉडल रोड के बिलहरी मोड़ के समीप तेज रफ्तार बलेनों कार बहक कर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जिसके कारण कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसमें सवार शहर के पांच युवकों में से दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से एक युवक को कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि दो युवकों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। मृतकों में कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल के प्रशासक संजय तिवारी का छोटा पुत्र भी शामिल हैं। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल के प्रशासक एवं गायत्रीनगर निवासी संजय तिवारी का छोटा पुत्र 22 वर्षीय योगेश तिवारी, भट्ठा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय श्रजल पिता राजेन्द्र शुक्ला, गायत्री नगर निवासी 21 वर्षीय अमन पिता पी के शर्मा, घंटाघर गांधीगंज निवासी 24 वर्षीय राज पिता बल्लू यादव और पाठक वार्ड निवासी 23 वर्षीय सारांश पिता दीपक सरोठे सभी एक बलेनो कार में सवार होकर किसी विवाह समारोह में शामिल होने पन्ना मोड़ स्थित मैरिज गार्डन गए थे। बताया जाता है कि देररात विवाह समारोह में शामिल होने के बाद सभी युवक कार से खाना खाने जबलपुर की ओर किसी ढाबा में गए।



बताया जाता है कि हाइवे के ढाबा में खाना खाने के बाद जब सभी युवक कार से वापस शहर की ओर आ रहे थे। उसीदौरान मॉडल रोड के बिलहरी मोड़ के समीप तेज रफ्तार बलेनो कार बहक कर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बताया जाता है कि कार व पेड़ के बीच टक्कर इनती जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसमें सवार एमजीएम अस्पताल के प्रशासक एवं गायत्रीनगर निवासी संजय तिवारी के छोटे पुत्र 22 वर्षीय योगेश तिवारी व भट्ठा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय श्रजल पिता राजेन्द्र शुक्ला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि गायत्री नगर निवासी 21 वर्षीय अमन पिता पी के शर्मा, घंटाघर गांधीगंज निवासी 24 वर्षीय राज पिता बल्लू यादव और पाठक वार्ड निवासी 23 वर्षीय सारांश पिता दीपक सरोठे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को कचहरी चौक स्थित एमजीएम अस्पताल व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### पीएम के बाद परिजनों को सौंपे गए शव

देररात हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले योगेश तिवारी व श्रजल शुक्ला का आज सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल में पीएम कराया और पीएम के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद दोनों ही युवकों का अलग-अलग अंतिम संस्कार अत्यंत गमगीन व शोकपूर्ण माहौल में किया गया।



# लड़की भगाने के विवाद पर पारधियों के दो गुट आपस में टकराए

## खूनी संघर्ष में गई एक की जान, ललितपुर-पटेरा गांव में वारदात से दहशत

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम ललितपुर-पटेरा में लड़की भगाने के विवाद पर पारधी समुदाय के दो गुटों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। इस खूनी संघर्ष में एक युवक की जान चली गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने मृतक का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ललितपुर-पटेरा गांव के पारधी डेरे में रहने वाला चरसलाल के साले बुद्धू का लड़का बजाक लाल की लड़की को भगा कर ले गया। घर से भागने के बाद गतदिवस दोनों लड़का-लड़की वापस लौटे तो लड़का पक्ष व लड़की पक्ष के परिजनों में विवाद होने लगा। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया और दोनों ओर से लोग लाठी-डंडा लेकर एक-दूसरे के ऊपर टूट पड़े। इस दौरान बीच बचाव करने चरसलाल पहुंचा तो लड़की पक्ष के लोगों ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। वहीं इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। एक जानकारी में बताया जाता है कि चरसलाल की हत्या करने वालों में नैनसुख, चंदसुर, कंठीलाल सहित अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने चरसलाल का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्थानीय होना रोज़गार के लिए कोई योग्यता नहीं

## उद्योगों में 75 फीसदी रोज़गार स्थानीय लोगों को दिए जाने के कानून पर कोर्ट ने लगाई रोक

**कैमोर। ऐसे समय में जब पूरा देश बेरोजगारी की गंभीर समस्या से जूझ रहा और केंद्र सहित राज्य सरकारें भी निजी उद्योगों में अधिक से अधिक स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिलाये जाने का प्रयास कर रहीं तब पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट के एक फैसले ने बेरोजगारों के सामने एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के उस कानून पर रोक लगा दी है जिसमें उद्योगों के लिए 75 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को दिए जाने की बात कही गई थी। हरियाणा सरकार का यह आदेश स्थानीय बेरोजगारों के हक़ में था पर कोर्ट ने इसके अमल पर अंतरिम रोक लगाकर बेरोजगारों को मिलने वाला यह अवसर भी समाप्त कर दिया है।**

### हरियाणा के मामले से प्रभावित होगा पूरा देश, मध्यप्रदेश पर भी पड़ेगा इसका असर

उल्लेखनीय है कि खनिज संपदा, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और परिवहन की सहूलियत सहित सरकारों और स्थानीय प्रशासन से मिलने वाली विशेष सुविधाओं से आकर्षित होकर उद्योगपति किसी क्षेत्र का चुनाव उद्योगों की स्थापना के लिए करते हैं। इन उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल पाता। राज्य सरकारों ने स्थानीय लोगों को रोजगार देने की जिम्मेदारी उद्योगों पर डाल दी है। कई प्रदेशों में इस तरह के कानून भी बना दिये गए हैं। ऐसा ही एक कानून हरियाणा सरकार ने भी पारित किया था जिसमें उद्योगों की जरूरत के 75 फीसदी पद स्थानीय लोगों से भरे जाने को अनिवार्य किया गया था। 15 जनवरी से इस कानून के लागू होने के बाद उद्योगों को तीन महीने के भीतर इस पर अमल करते हुए रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपनी थी। राज्य सरकार के इस आदेश के विरोध में गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एशोसिएशन ने पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट याचिका दायर कर इसे चुनौती दी थी। हाइकोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए इस आदेश पर रोक लगा दी है। इंडस्ट्रियल एशोसिएशन की ओर से दलील पेश करते हुए उनके अधिवक्ता ने कहा कि रोजगार योग्यता और कौशल के आधार पर मिलता है जबकि स्थानीय होना अपने आप मे कोई योग्यता नहीं। ऐसा करने से योग्य लोगों के अधिकार का हनन होगा। हालांकि हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक के ख़िलाफ़ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर करने की तैयारी कर रही पर फिर भी इसका लाभ फ़िलहाल उद्योगपतियों को मिलना तय है। यहां उल्लेखनीय है कि हरियाणा की तर्ज़ पर मध्यप्रदेश में भी बिल्कुल इसी तरह का आदेश 2019 में तत्कालीन कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने जारी किया था जिसमें मध्यप्रदेश में लगने वाले उद्योगों में 70 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को देने की बात कही गई थी। बाद में बड़े पैमाने पर हुए दलबदल के बाद प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बन गई तब भी 70 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को दिए जाने का आदेश बरक़रार रहा। कटनी जिले के अमहटा में पिछले साल जब एसीसी का 2 हजार करोड़ के नए प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ तब यहां भी 70 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगो को दिए जाने प्रबंधकों पर दबाव बनाया गया यह अलग बात है कि प्रबंधन इस दबाव में नहीं आया आज भी अमहटा प्रोजेक्ट में 70 फीसदी रोजगार बाहरी लोगों के पास है। अब पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट के आदेश का लाभ यहां के उद्यमियों को भी मिलना तय है। यह बेरोजगार युवाओं के लिए सरकारों के प्रयासों की विफलता भी है।





# बिलासपुर व सिंगरौली रेलखंड की कई ट्रेनें फिर रद्द

## मेगा ब्लाक लेकर रेल लाइन जोड़ने नान/प्रीनान इंटरलॉकिंग कार्य कराएगा रेलवे

कटनी। बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर तथा कटनी-सिंगरौली-चुनार रेलखंड पर रूपौंद व झलवारा स्टेशन के बीच तीसरी लाइन जोड़ने के लिए रूपौंद स्टेशन पर 06 फरवरी से 09 फरवरी तक प्री नॉन इंटरलॉकिंग एवं 10 फरवरी से 13 फरवरी तक नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। इसीप्रकार कटनी-सिंगरौली-चुनार रेलखंड पर पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल द्वारा सिंगरौली, करैला रोड, चुरकी एवं महदेइया स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। दोनों ही रेलखंड पर इन कार्यो के चलते कार्यावधि के दौरान इन रेलखंडों की कई ट्रेनों को निरस्त किया गया। गौरतलब है कि कटनी-बिलासपुर व कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर रेलवे के द्वारा पिछले एक डेढ़ माह से भी अधिक समय से यह कार्य कराया जा रहा है और ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति से संतरागाछी सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 09 फरवरी और वापसी में गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी से रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 10 फरवरी को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसीप्रकार गाड़ी संख्या 22909 बलसाड-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस 10 फरवरी और वापसी में गाड़ी संख्या 22910 पुरी-बलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस 13 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसीतरह गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस 12 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 13 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसीप्रकार गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग से निजामुद्दीन सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 11 फरवरी और वापसी में गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन से दुर्ग सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 12 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग से नवतनवा एक्सप्रेस 09 फरवरी एवं 11 फरवरी और वापसी में गाड़ी संख्या 18202 नवतनवा से दुर्ग एक्सप्रेस 11 फरवरी एवं 13 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18203 दुर्ग से कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस 13 फरवरी और वापसी में गाड़ी संख्या 18204 कानपुर सेंट्रल से दुर्ग एक्सप्रेस 14 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 20471 बीकानेर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस 13 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 20472 पुरी-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस 16 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

### सिंगरौली रेलखंड की ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

गाड़ी सांख्य 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 06 फरवरी से 13 फरवरी तक और वापसी में गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस 08 फरवरी से 15 फरवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 12 फरवरी को तथा 'गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 15 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस 09 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस 12 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 07 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 09 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसीप्रकार गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस 13 फरवपरी को तथा गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस 14 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस 07 फरवरी को तथा गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस 10 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।


रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा।

बेचना है
आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 56.5x वर्गफुट डायवर्टेड झिंझरी पुलिस लाइन के पास विक्रय करना है। वास्तविक खरीददार संपर्क करें
मो. 9329818900

JOB OPENING
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

बेचना है
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
Hire Vintage Car for Wedding
Vintage Car Rent





Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | CITY PRIDE Cinema | Food Junction | HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS | GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422406, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)